# प्रेस समाचार

जनसंपर्क विभाग
अमेरिकी दूतावास

शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाष: 011-24198000 एक्सटेंशन: 8827 फैक्स: 011-24198817
ईमेल: mp1@pd.state.gov इंटरनेट वेबसाइट: http://usembassy.state.gov/delhi.html

26 अक्तूबर, 2006

## अमेरिकी विश्व श्रृंखला बेसबाल का भारत में सीधा प्रसारण

नई दिल्ली -- आज प्रात: सरकार, बिजनेस तथा मीडिया के लोगों ने पहली बार अमेरिकी बेसबाल चैंपियनशिप श्रृंखला का लाइव टेलीविजन प्रसारण भारत में देखा। इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी दूतावास तथा ईएसपीएन स्टार स्पोर्ट्स द्वारा हयात रीजेंसी होटल के सहयोग से प्रायोजित किया गया। ईएसपीएन स्टार स्पोर्ट्स पहली बार भारत में संपूर्ण चैंपियनशिप श्रृंखला का प्रसारण कर रहा है।

भारत में ईएसपीएन के प्रमुख अधिकारी, विजय राजदूत, ने कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, ''भारत में विश्व श्रृंखला के लिए विशिष्ट प्रसारण साझीदार बनकर ईएसपीएन को अत्यधिक प्रसन्नता है। देश के लिए अच्छे स्पोर्टिंग एक्शन प्रसारित करने का हमारा प्रयास है। मैं अमेरिका के सर्वाधिक पसंदीदा वार्षिक खेल कार्यक्रमों का हिस्सा बनने पर रोमांचित हूँ।''

कार्यक्रम में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी राजदूत ज्योफ्री पायट ने बताया, ''जैसेकि भारत और अमेरिका निकट आ रहे हैं, एक दूसरे की संस्कृतियों की जानकारी सही मायनों में परस्पर समझ होगी। मैं भारतीयों से बेसबाल देखने, सीखने और खेलने का आग्रह करता हूँ।''

वर्ल्ड सीरीज अमेरिका की बड़ी लीग बेसबाल चैंपियनशिप है और इसकी शुरुआत 1903 में हुई थी। यह सात सीरीजों में सर्वश्रेष्ठ है। ईएसपीएन स्टार स्पोर्ट्स, लीग चैंपियन्स डेट्रॉयट टाइगर्स तथा सेंट लुई कार्डिनल्स के बीच होने वाले खेल का सीधा प्रसारण भारत के लिए कर रहा है।

भारत में बेसबाल के प्रति समझ बढ़ाने के इच्छुक, श्री पायॅट ने कहा कि अगले महीने अमेरिकी दूतावास ''फर्स्ट पिच'' कार्यक्रम को प्रायोजित करने के लिए मेजर लीग बेसबाल इंटरनेशनल के साथ भाग लेगा। जिसमें पेशेवर कोचेज को भारतीय बेसबाल खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए पांच भारतीय शहरों में लाया जाएगा जिनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कलकत्ता, इम्फाल सम्मिलित हैं।

भारतीय क्रिकेट और अमेरिकी बेसबाल को करीब लाने के अभिलाषी श्री पॉयट ने कहा कि अमेरिकी दूतावास, भारतीय संसद के बीच मित्रतापूर्ण दो मैचों- एक क्रिकेट तथा एक बेसबाल के खेल हेतु सहमत है। उन्होंने कहा मुझे आशा है कि बेसबाल से लेकर क्रिकेट तक हम एक दूसरे को और अधिक समझ सकते हैं, मित्रतापूर्ण प्रतियोगिता का आनंद लें।

***